
# नाइजर में तख्तापलट

**नाइजर** इस समय राजनीतिक उथल-पुथल के दौर से गुज़र रहा है क्योंकि वहाँ हुए **सैन्य-तख्तापलट** में लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए राष्ट्रपति को हटाकर सेना ने सत्ता को अपने नियंत्रण में ले लिया है।

- **नाइजर, बुर्कीना फासो, चाड, माली, मॉरिटानिया और सेनेगल का गढ़ साहेल क्षेत्र** में राजनीतिक अस्थिरता के चलते जातीय संघर्ष हुए हैं।
  - **कमज़ोर शासन, भ्रष्टाचार** और **जातीय संघर्षों** के कारण क्षेत्र में शांति व स्थिरता बहाल करने के बहाने यह सैन्य हस्तक्षेप किया गया है।





## नाइजर के संदर्भ में मुख्य तथ्य:

- **भौगोलिक स्थिति:**

- नाइजर, पश्चिम अफ्रीका में स्थित एक स्थल-रुद्ध देश है, जो**अल्जीरिया, लीबिया, चाड, नाइजीरिया, बेनिन, बुर्किना फासो** और **माली के साथ** सीमा साझा करता है।
- नाइजर का 80% से अधिक भूमि क्षेत्र सहारा रेगिस्तान में स्थित है।
  - नाइजर का नाम नाइजर नदी से लिया गया है, जो इस क्षेत्र के दक्षिण-पश्चिमी भाग से होकर बहती है
- यह पश्चिम अफ्रीका का सबसे बड़ा देश है और **आकार में फ्राँस से लगभग दोगुना** है।

## राजधानी शहर: नियामी




- **ऐतिहासिक संदर्भ :**
  - वर्ष 1960 में स्वतंत्रता प्राप्त होने तक नाइजर एक फ्रांसीसी उपनिवेश था।
  - स्वतंत्रता के बाद के दशकों में देश ने सैन्य तख्तापलट एवं राजनीतिक अस्थिरता की एक शृंखला का अनुभव किया।
- **जलवायु: रेगिस्तान, अधिकतर गरम, शुष्क, धूल भरी, सुदूर दक्षिण में उष्णकटिबंधीय।**
- **अर्थव्यवस्था: नाइजर विश्व के सबसे गरीब देशों में से एक है, यह गरीबी, खाद्य सुरक्षा एवं अल्प विकास से संबंधित चुनौतियों का सामना**

करता है।

- हालाँकि यहाँ महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन पाए जाते हैं, जिनमें सोने के खनन भंडार एवं वैश्विक यूरेनियम उत्पादन का एक महत्त्वपूर्ण भाग सम्मिलित है।
- यहाँ की अर्थव्यवस्था विशेष रूप कृषि प्रधान है, जिसमें निर्वाह खेती तथा पशुधन पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

- **जातीय समूह**: हौसा, ज़र्मा-सोंगहाई, तुआरेग, फुलानी, कनुरी, अरब एवं टूबौ।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. हाल के वर्षों में चाड, गिनी, माली और सूडान ने निम्नलिखित में से किस कारण से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है? (2023)**

(A) दुर्लभ पृथ्वी तत्त्वों के समृद्ध भंडार की खोज
(B) चीनी सैन्य अड्डों की स्थापना
(C) सहारा रेगिस्तान का दक्षिण की ओर विस्तार
(D) सफल तख्तापलट

**उत्तर: D**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/coup-in-niger